VAJIRAO & REDDY INSTITUTE
India's Top Potential Training Institute for IAS
+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

# TODAY'S ANALYSIS

## (आज का विश्लेषण)

## (02 September 2024)

### Sources:

The Hindu, The Indian Express, The Economics Times & PIB

## Important News:

- कनाडा का वीजा लेकर, अवैध तरीके से अमेरिका और ब्रिटेन में घुसने वाले भारतीयों की संख्या में रिकॉर्ड उछाल
- नामीबिया द्वारा अपने सैकड़ों विशालकाय जंगली जानवरों के शिकार की योजना
- स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट
- MCQs

ADDRESS:
19/1A Shakti Nagar, Nagiya Park Near Delhi University, New Delhi - 110007 (India)

# कनाडा का वीजा लेकर, अवैध तरीके से अमेरिका और ब्रिटेन में घुसने वाले भारतीयों की संख्या में रिकॉर्ड उछाल:

## क्या मामला है?




- कनाडा से बड़ी संख्या में भारतीय पैदल चलकर बिना दस्तावेज के अमेरिका में जा रहे है। यह संख्या अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी ने कनाडा की वीजा जांच प्रक्रिया को सवालों के घेरे में ला दिया है। खासकर तब, जब कनाडा जाने वाले भारतीय यात्री पारगमन के दौरान यूके में शरण मांग रहे हैं।

## अमेरिका में कनाडा सीमा से भारतीयों के अवैध घुसने का मामला:

- अमेरिकी सीमा सुरक्षा विभाग के हालिया आंकड़ों के अनुसार अकेले इस साल जून में 5,152 भारतीय बिना दस्तावेज के पैदल चलकर कनाडा से अमेरिका में घुसे हैं। दिसंबर 2023 से कनाडा से अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीयों की मासिक संख्या मेक्सिको मार्ग से प्रवेश करने वालों की संख्या को पार कर गई है।

- ये संख्याएँ इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये अमेरिका में कानूनी रूप से बसे भारतीयों की बढ़ती आर्थिक ताकत के साथ एकदम विपरीत हैं। उदाहरण के लिए, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारतीय अमेरिकी अमेरिकी आबादी का केवल 1.5% हिस्सा हैं, लेकिन वे वहां सभी आयकरों का लगभग 5-6% भुगतान करते हैं।
- उल्लेखनीय लगभग 9,000 किलोमीटर तक फैली अमेरिका-कनाडा सीमा दुनिया की सबसे लंबी खुली सीमा है, जो मैक्सिको सीमा से दोगुनी से भी ज्यादा लंबी है।

## ब्रिटेन में भी स्थिति अलग नहीं है:

- इस बीच, यूके के संबंधित डेटा से पता चलता है कि यूके में "बंदरगाह पर" शरण चाहने वाले भारतीयों की संख्या में 2021 (495) की तुलना में 2022 (1,170) में 136% की वृद्धि देखी गई, जो 2023 (1,319) में और बढ़ गई। पता चला है कि इन आवेदकों में से एक "काफी हिस्सा" कनाडा जाने वाले ट्रांजिट यात्री हैं, जिनका यूके में ठहराव है।

## इस मुद्दे पर कनाडा का क्या कहना है?

- अमेरिका और यूके दोनों ने ही कनाडा को अपनी चिंताओं के बारे में बता दिया है। जबकि अमेरिका ने अधिक कठोर वीज़ा स्क्रीनिंग प्रक्रिया की मांग की, यूके ने

प्रस्ताव दिया है कि कनाडा जाने वाले सभी भारतीय नागरिकों को ठहराव के लिए ट्रांजिट वीज़ा प्राप्त करना चाहिए।

- कनाडा इन गतिविधियों के पीछे के नेटवर्क को समझने की कोशिश कर रहा है। यूके के गृह मंत्रालय ने कहा कि वह इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि सुविधा का दुरुपयोग न किया जाए।

## कनाडा से ही क्यों, और अभी क्यों?

- कनाडा सुलभ वीज़ा और सॉफ्ट बॉर्डर का आदर्श संयोजन प्रदान करता है। यह पश्चिम एशिया, अफ्रीका या कैरिबियन के माध्यम से उन 'डंकी' (अवैध) मार्गों में से एक लेने की तुलना में अधिक सुरक्षित विकल्प है, जो भारी सुरक्षा वाले मेक्सिको सीमा को पार करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे लोगों की भीड़ में शामिल होने के लिए है।
- उल्लेखनीय है कि कनाडा में भी भारतीय नागरिकों द्वारा शरण के दावों में नाटकीय वृद्धि देखी जा रही है। 2017 में यह वृद्धि उस समय शुरू हुई, जब कनाडा ने विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिए अपनी वीज़ा नीति में ढील दी थी।
- हालांकि वीज़ा दुरुपयोग के बढ़ते सबूतों ने हाल ही में नीति में सुधार करने के लिए मजबूर किया हो।

- इसी समय, जून में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कुछ गैर-अमेरिकी नागरिकों के प्रवेश को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा ने, मेक्सिको सीमा पर अवैध प्रवासन में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी लाने में मदद की।
- हालांकि, महत्वपूर्ण बात यह है कि ये प्रतिबंध उत्तरी सीमा पर लागू नहीं होते हैं। ऐसे में अगर किसी को आसानी से कनाडाई वीज़ा मिल सकता है, तो दक्षिणी सीमा की तुलना में उत्तरी सीमा से आना ज़्यादा समझदारी भरा है"।

**यू.के. का ट्रांजिट लूपहोल:**

- अगर कनाडा की सीमा अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को आकर्षित कर रही है, तो यू.के. का आकर्षण कनाडा जाने वाले भारतीयों को लंदन में रुकने के लिए ट्रांजिट वीज़ा प्राप्त करने से छूट देना है। 2018 और 2023 के बीच, यू.के. बंदरगाहों पर भारतीय शरणार्थियों की वार्षिक संख्या में 11 गुना वृद्धि हुई है।
- यू.एस.ए., कनाडा या ऑस्ट्रेलिया के लिए वैध वीज़ा रखने वाले भारतीयों को हीथ्रो (लंदन) में उड़ान बदलते समय ट्रांजिट वीज़ा के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

## भारतीयों के अनधिकृत प्रवेश में वृद्धि का क्या कारण है?

- वाशिंगटन डीसी स्थित माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट की 2022 की रिपोर्ट में भारतीयों के अनधिकृत आगमन में वृद्धि के लिए मुख्य रूप से "भारत में गैर-हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते धार्मिक और राजनीतिक उत्पीड़न" और "घरेलू आर्थिक अवसरों की कमी" को जिम्मेदार ठहराया गया है।
- लेकिन जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज में पढ़ाने वाले प्रोफेसर देवेश कपूर ने कहा, "अगर यह उत्पीड़न होता, तो हम उम्मीद करते कि मुस्लिम, एससी, एसटी और भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लोग होते। इसके बजाय, अप्रवासी ज्यादातर पंजाब-हरियाणा और गुजरात से हैं, जहां उनका मानना है कि एक बार वे अंदर आ गए, तो उनके नेटवर्क (प्रवासी समुदाय में) उन्हें बसने में मदद करेंगे।"
- ये प्रवासी "ज्यादातर युवा" हैं और बेहतर जीवन के लिए "जोखिम उठाने के लिए तैयार" हैं। वे काफी संपन्न परिवारों से होते हैं, लेकिन बहुत अच्छी तरह से शिक्षित नहीं होते हैं।

+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

# नामीबिया द्वारा अपने सैकड़ों विशालकाय जंगली जानवरों के शिकार की योजना:

## मुद्दा क्या है?



- न्यूयॉर्क टाइम्स के एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी अफ़्रीकी देश नामीबिया सदी के सबसे भयंकर सूखे के बीच देश को खिलाने के लिए 83 हाथियों सहित 723 जंगली जानवरों को मारने की योजना बना रहा है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि इस कदम का उद्देश्य भोजन उपलब्ध कराना और दुर्लभ संसाधनों के कारण मनुष्यों और वन्यजीवों के बीच खतरनाक मुठभेड़ों को कम करना है।

## नामीबिया में सूखे का कारण क्या है?

- नामीबिया सूखाग्रस्त दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र में स्थित है, और अक्सर ऐसी घटनाओं का गवाह बनता है - इसने 2013, 2016 और 2019 में अत्यधिक सूखे के कारण

राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था। लेकिन, नामीबिया का वर्तमान का सूखा विशेष रूप से व्यापक और विनाशकारी रहा है।

- यूरोपीय आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर 2023 में बोत्सवाना में सूखा शुरू हुआ, अंगोला, जाम्बिया, ज़िम्बाब्वे और नामीबिया में फैल गया है।
- उल्लेखनीय है कि यह स्थिति मुख्य रूप से अल नीनो के कारण इतनी खराब है। 2023 में अल नीनो देखा गया, जिससे इस पूरे क्षेत्र में औसत से अधिक तापमान और न्यूनतम वर्षा हुई। इससे मिट्टी में नमी की गंभीर कमी और वनस्पतियों की कमी के कारण सूखा पड़ा था।

**सूखे ने नामीबिया में खाद्य असुरक्षा बढ़ा दिया है:**

- जुलाई से सितंबर तक नामीबिया में आम तौर पर खाद्य उपलब्धता कम होती है, और सूखे ने स्थिति को और खराब कर दिया है।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सूखे के कारण नामीबिया में मक्का जैसी मुख्य फसलें सूख गई हैं, बड़ी संख्या में पशुधन मर गए हैं, और देश के लगभग 84% खाद्य भंडार समाप्त हो गए हैं। जैसे-जैसे स्टॉक कम होते गए, कीमतें भी आसमान छूने लगीं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों के लिए भोजन तक पहुँच कम हो गई।

- अप्रैल और जून 2024 के बीच, नामीबिया में अनुमानित 12 लाख लोग, गंभीर खाद्य असुरक्षा के उच्च स्तर का सामना कर रहे हैं।
- संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (OCHA) ने कहा है कि पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में गंभीर कुपोषण बढ़ गया है, और कुछ क्षेत्रों में मौतें भी हुई हैं।

## जंगली जानवरों के शिकार से क्या मदद मिलेगी?

- नामीबिया सिर्फ़ मांस के लिए जंगली जानवरों को मारना नहीं चाहता है। सरकार को डर है कि सूखे के कारण जानवर भोजन और पानी की तलाश में पलायन करने को मजबूर होंगे, जिससे उनका मानव आबादी के साथ टकराव हो सकता है।
- देश में जंगली जानवरों की एक बड़ी संख्या है, जिसमें 24,000 हाथी शामिल हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी में से एक है।
- नामीबिया के पर्यावरण एवं वानिकी पर्यटन मंत्रालय ने कहा कि उसे यह भी उम्मीद है कि कुछ जानवरों को मारने से वन्यजीवों पर सूखे का असर कम होगा। इससे मौजूदा चरागाह दबाव और पानी की उपलब्धता को प्रबंधित करने में मदद मिलेगी।

## क्या मांस के लिए जंगली जानवरों का शिकार असामान्य है?

- नहीं। दुनिया भर में विभिन्न प्रजातियों के जंगली जानवरों का शिकार भोजन, खेल या ट्रॉफी के लिए किया जाता है। ज़ेबरा, ब्लू वाइल्डबीस्ट और इम्पाला जैसे जानवर, जो नामीबिया की वध सूची में हैं, आमतौर पर दक्षिणी अफ्रीकी क्षेत्र के लोगों द्वारा खाए जाते हैं।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अफ्रीका कार्यालय की निदेशक रोज़ म्वेबाज़ा ने NYT को बताया कि "यदि इन जानवरों का शिकार, वैज्ञानिक रूप से सिद्ध, टिकाऊ तरीकों का उपयोग करके की जाए और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और कानून दोनों के अनुरूप हो, तो चिंता का कोई कारण नहीं होना चाहिए"।

# स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट:

## चर्चा में क्यों है?



- अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने 30 अगस्त को स्पेसएक्स को अपने महत्वपूर्ण फाल्कन-9 रॉकेट का प्रक्षेपण पुनः शुरू करने की अनुमति दे दी, जबकि बुधवार, 28 अगस्त को फाल्कन-9 रॉकेट के प्रथम चरण के बूस्टर लैंडिंग के दौरान हुई एक दुर्घटना की जांच जारी रहेगी।

## मामला क्या है?

- उल्लेखनीय है कि FAA ने 28 अगस्त को फाल्कन-9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोक दिया, क्योंकि फ्लोरिडा तट के पास ड्रोनशिप पर उतरने का प्रयास करते समय प्रथम चरण का बूस्टर पलट गया और उसमें विस्फोट हो गया। हालांकि प्रक्षेपण अन्यथा सफल रहा, जिसमें 21 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को कक्षा में पहुंचाया गया।

- जुलाई के बाद से यह दूसरी बार था जब FAA ने तकनीकी विसंगतियों के कारण फाल्कन-9 को उड़ान भरने से रोका था।
- फाल्कन-9 को अब तक के सबसे सफल और विश्वसनीय रॉकेटों में से एक माना जाता है। इस रॉकेट ने 350 से अधिक मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। साथ ही जुलाई की दुर्घटना, 2015 के बाद से रॉकेट की पहली विफलता थी।

## फाल्कन-9 रॉकेट क्या है?

- फाल्कन-9 आंशिक रूप से पुन: प्रयोज्य रॉकेट है जिसे स्पेसएक्स द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया है। यह चालक दल और पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा और उससे आगे तक ले जा सकता है।
- इस रॉकेट के दो चरण हैं। पहले चरण या बूस्टर चरण में नौ मर्लिन इंजन शामिल हैं, जो तरल ऑक्सीजन और रॉकेट-ग्रेड केरोसिन प्रणोदक का उपयोग करता है। दूसरे चरण में एक मर्लिन इंजन होता है। पहला चरण, जो पुन: प्रयोज्य है और दूसरे चरण से अलग होने के बाद धरती पर वापस आ जाते हैं।
- उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को, फाल्कन-9 रॉकेट ने स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों के एक बैच को कक्षा में सफलतापूर्वक लॉन्च काने के बाद इसका पुन: प्रयोज्य

पहले चरण वाले बूस्टर हमेशा की तरह पृथ्वी पर लौट आए, लेकिन उतरने के प्रयास में एक ज्वलंत टचडाउन के बाद समुद्र में पलट गया।

## दुर्घटना के बाद भी फाल्कन-9 के उड़ान की शीघ्र अनुमति क्यों दी गयी?

- अगर FAA ने फाल्कन-9 को जल्द ही उड़ान भरने की अनुमति नहीं देता, तो यह रॉकेट की लॉन्च करने की गति को बाधित कर सकता है। क्योंकि 2023 में, अकेले इस रॉकेट ने 96 लॉन्च किए, और यह किसी भी देश में वार्षिक लॉन्च की कुल संख्या से अधिक है। तुलनात्मक रूप से, अमेरिका के अंतरिक्ष प्रतिद्वंद्वी चीन ने 2023 में विभिन्न रॉकेटों का उपयोग करके अंतरिक्ष में 67 मिशन लॉन्च किए।
- फाल्कन-9 रॉकेट सितंबर में क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को भी लॉन्च करने वाला है। यह अंतरिक्ष यान, अगले साल फरवरी में, दो अंतरिक्ष यात्रियों - सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को घर ले आएगा - जो बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की सवारी करने के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर फंस गए हैं।

# MCQs

1. हाल ही में चर्चा में रहे 'अमेरिका-कनाडा सीमा' संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. लगभग 9,000 किलोमीटर लंबी यह सीमा, दुनिया की सबसे लंबी खुली सीमा है।

   2. पिछले कुछ समय से इस सीमा से, कनाडा के वीजा धारक अनेक भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुस रहे हैं।

   उपर्युक्त दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1

   (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों

   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

   **Ans:(c)**

2. अमेरिका और ब्रिटेन में भारतीयों के अनाधिकृत प्रवेश में वृद्धि के 'वास्तविक कारणों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?

+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

(a) भारत में गैर-हिंदुओं के खिलाफ बढ़ता धार्मिक और राजनीतिक उत्पीड़न।

(b) भारत में घरेलू आर्थिक अवसरों की कमी।

(c) अमेरिका द्वारा अवैध भारतीयों को बसने देने के लिए विशेष छूट।

(d) अप्रवासी ज्यादातर पंजाब और गुजरात से हैं, जिनका का मानना है कि एक बार वे अंदर आ गए, तो उनके नेटवर्क उन्हें बसने में मदद करेंगे।

**Ans:(d)**

3. चर्चा में रहे 'फाल्कन-9 रॉकेट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्पेसएक्स के फाल्कन-9 को अब तक के सबसे सफल और विश्वसनीय रॉकेटों में से एक माना जाता है।

2. यह एक चरणीय पूणर्तः पुन: प्रयोज्य रॉकेट है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans:(a)**

4. हाल ही में किस अफ़्रीकी देश ने, अपने देश में खाद्य असुरक्षा की समस्या को दूर करने के विकल्प के रूप में, सैकड़ों विशालकाय जंगली जानवरों को मारने की योजना बनाई है?

(a) बोत्सवाना

(b) नामीबिया

(c) ज़िम्बाब्वे

(d) सूडान

**Ans:(b)**

5. पिछले दो महीनें में दो बार दुर्घटना के बाद भी अमेरिका द्वारा फाल्कन-9 के उड़ान की 'शीघ्र अनुमति देने कारणों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि अमेरिका जल्द अनुमति नहीं देता, तो यह रॉकेट की लॉन्च करने की गति को बाधित कर सकता है। क्योंकि 2023 में, अकेले इस रॉकेट ने किसी भी देश से अधिक वार्षिक लॉन्च की है।

2. यह रॉकेट सितंबर में क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को भी लॉन्च करने वाला है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans:(c)**